बरेली, शुक्रवार
5 जून, 2026

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

# किंग्स ने रायल को 15 रन से हराया

**बरेली:** एसआरएमएस समर कप अंडर – 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए रोमांचक मुकाबले में किंग्स ने रायल को 15 रन से पराजित कर जीत हासिल की। मुकाबले में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन ने किंग्स की जीत की नींव रखी। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स की टीम 36.3 ओवर में 188 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायल की टीम ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन वह 35.2 ओवर में 173 रन पर सिमट गई और मुकाबला 15 रन से हार गई। किंग्स की जीत के नायक अंश गौतम रहे। उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में 51 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने रायल के बल्लेबाज टिक नहीं सके। अंश के प्रदर्शन ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंश गौतम को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। वि.